# पूनिया की जनसभा में भारी जनसैलाब उमड़ा

## 'यहां तो बैठा है सारा तिजारा, लेकिन राज नहीं चल पा रहा तो क्या करे अशोक गहलोत बेचारा'

**जयपुर/अलवर, (निसं)।** अलवर जिले के तिजारा में स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर आयोजित जनसभा में भारी जनसैलाब उमड़ा। जहां राजस्थान विधानसभा उपनेता प्रतिपक्ष एवं भाजपा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां का आमजन एवं कार्यकर्ताओं ने पलक पांवड़े बिछाकर भव्य स्वागत अभिनन्दन किया।

कार्यक्रम का आयोजन राव तुलाराम सेवा समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर यादव ने किया। कार्यक्रम और प्रवास पर डॉ. पूनिया के साथ विधायक संजय शर्मा, मंजीत चौधरी, पूर्व विधायक रामहेत यादव, पूर्व मंत्री हेम सिंह भड़ाना, भाजपा पूर्व प्रदेश मंत्री महेंद्र यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष उम्मेद सिंह, संदीप दायमा, रामकिशन मेघवाल इत्यादि उपस्थित रहे। तिजारा में चंद्रशेखर आजाद जयंती समारोह को संबोधित करते हुए सतीश पूनिया ने कहा कि, आज सुखद संयोग है कि, भारत माता के लाल चंद्रशेखर आजाद की जयंती है और अमर सेनानी बाल गंगाधर तिलक की भी जयंती है।

श्रद्धा से याद करना चाहूंगा स्व. जगमाल यादव को, मैं उस समय युवा मोर्चा में काम करता था, जगमाल सिंह यादव और जगत सिंह ने तत्कालीन मुख्यमंत्री भैरों सिंह शेखावत के साथ मिलकर राष्ट्रवाद की सरकार को बनाने और बचाने का बीड़ा उठाया था। मुझे अच्छे तरीके से याद है कि गठबंधन की सरकार थी, भाजपा के सदस्य भी जीते थे, जनता दल के सदस्य भी जीते थे, लेकिन गठबंधन की सरकार को सफलता से कैसे चलाया जाए यह उदाहरण भैरों सिंह शेखावत ने पेश किया और भैरों सिंह की मदद करने का काम जगमाल सिंह यादव और जगत सिंह ने किया और इस सरकार ने किसानों और गरीबों के उत्थान के लिए काम किया। चंद्रशेखर यादव और आयोजन समिति की एक बात ने दिल जीत लिया, महान स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद को इस आयोजन के जरिए जिस तरीके से याद किया यह तो अभिनव है ही, लेकिन देश के लिए मर मिटने वाले वीर सपूत शहीदों की वीरांगनाओं का सम्मान यह मैंने अद्भुत देखा है। इतनी बड़ी संख्या में माताएं बहनें जिनका सुहाग उजड़ गया, आज गर्व के साथ, सम्मान के साथ इस मंच पर जहां किसान सरदारी सामने बैठी है, अभिमान के साथ सम्मानित होती हैं इसलिए चंद्रशेखर यादव को धन्यवाद देता हूं कि चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर वीरांगनाओं का सम्मान अभिनव है।



तिजारा में स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर आयोजित जनसभा को उपनेता प्रतिपक्ष एवं भाजपा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने संबोधित किया।

27 जुलाई को देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सीकर आएंगे, लेकिन वह सीकर खाली हाथ नहीं आएंगे, राजस्थान ही नहीं हिंदुस्तान के करोड़ों किसानों के खातों में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि भेजकर उन्हें संबल देंगे। चंद्रशेखर यादव ने भाजपा का दामन थामा, राष्ट्रवाद का दामन थामा, जो निरंतर पार्टी की मजबूती के लिए काम कर रहे हैं। मैं यहाँ सोच रहा था कि, यहां तो सारा बैठा है तिजारा और लेकिन राज नहीं चल पा रहा तो क्या करे अशोक गहलोत बेचारा। 2018 में कांग्रेस की सरकार बनी, और सरकार बनने के दौरान राजभवन में दो-दो मुख्यमंत्रियों के नारे लगे, यह वही सरकार है जो 52 दिन बाड़े में बंद रही। कांग्रेस की अशोक गहलोत सरकार के शासन में कोई वर्ग ऐसा वंचित नहीं रहा जिसको तकलीफ नहीं हुई हो, राजस्थान का 70 लाख से ऊपर किसान आज भी कर्जामाफी की वादाखिलाफी के दंश को झेल रहा है। राजस्थान के सवा करोड़ बेरोजगार युवाओं ने परीक्षा दी, नौकरी एक लाख को दी, कितने सारे नौजवान अवसाद में चले गए, उससे भी ज्यादा तकलीफ हुई पेपर लीक की। राजस्थान के सैकड़ों किसानों को आत्महत्या करने पर मजबूर होना पड़ा, श्रीगंगानगर जिले के रायसिंहनगर के ठाकरी गांव के किसान ने तो सुसाइड करने से पहले वीडियो जारी किया जिसमें उसने कहा कि कर्जे से तंग आकर आत्महत्या कर रहा हूं, मेरी मौत का जिम्मेदार कोई है तो राजस्थान का मुख्यमंत्री है।

मैंने विधानसभा में कहा कि पेपर लीक तभी होता है जब सरकार वीक होती है, इस वीक कांग्रेस सरकार ने नौजवानों के सपनों को तोड़ने का काम किया। यह राजस्थान की ऐसी गई बीती सरकार है कि साढ़े 4 साल में 10 लाख 92 हजार से अधिक मुकदमे दर्ज हुए हैं। 17 बलात्कार और 7 हत्याएं रोज होती हैं, यह हालात हैं प्रदेश के।मेवात के इस इलाके में किस तरीके से लव जिहाद और लैंड जिहाद को पनपाया जा रहा है, जिस तरीके से चुनौती के रूप में खड़ा किया जाता है, क्या राजस्थान की कांग्रेस सरकार गूंगी बहरी है? किसी ने सही कहा कि यह अलीबाबा चालीस चोर की सरकार है जिसने अपराधों पर आंखें मूंद रखी हैं।भारत की मोदी सरकार ने गरीबों के उत्थान का काम किया, मोदी सरकार ने हिंदुस्तान के स्वाभिमान को ऊंचा करने का काम किया, यहां जब आया था तो सब लोग राम-राम कर रहे थे, भगवान रामजी के मंदिर के लिए 500 वर्षों का संघर्ष था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने संकल्प लिया और अयोध्या की भूमि पर भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर बन रहा है। 27 जुलाई को सीकर में प्रधानमंत्री का हम सब लोग स्वागत अभिनंदन करेंगे, 2023 में हम सब लोग मिलकर किसान की, नौजवान की, दलितों, वंचितों आदिवासियों और मातृशक्ति के आशीर्वाद से ऐसी भाजपा की सरकार बनाएंगे जो नरेंद्र मोदी के साथ डबल इंजन लगाकर राजस्थान में भ्रष्टाचार मुक्त, अपराध मुक्त, शोषण मुक्त सरकार देंगे, 36 कौम की सरकार देंगे, राजस्थान के निर्माण के संकल्प के साथ आगे बढ़ेंगे। इसके बाद तिजारा में पूर्व विधायक मामन सिंह यादव के निवास स्थान पर पहुंचकर सतीश पूनियां ने उनके स्वर्गीय भाई को श्रद्धांजलि अर्पित की। बानसूर में सतीश पूनियां भाजपा के पूर्व प्रदेश मंत्री महेंद्र यादव द्वारा आयोजित नेत्र शिविर में पहुंचे, जहां उन्होंने नेत्र शिविर का अवलोकन किया और जरूरतमंदों को उपकरण वितरित किये।

- '27 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सीकर आएंगे, राजस्थान ही नहीं हिंदुस्तान के करोड़ों किसानों के खातों में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि भेजकर संबल देंगे'
- 'गठबंधन की सरकार को सफलता से कैसे चलाया जाए यह उदाहरण भैरोंसिंह शेखावत ने पेश किया और उनकी मदद करने का काम जगमाल सिंह यादव और जगत सिंह ने किया'

## प्रथम परिचय सम्मेलन आयोजित

**कोटपूतली, (निसं)।** स्थानीय सैनी विकास संस्था (संगठन) के कार्यकर्ताओं कि बैठक का आयोजन हुआ। इस मौके पर प्रथम परिचय सम्मेलन का आयोजन भी किया गया। सैनी विकास संस्था (संगठन) के अध्यक्ष बबलू बबेरवाल ने सर्वसम्मति से कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए पूर्व सैनी सभाध्यक्ष जगदीश प्रसाद सैनी को सामूहिक विवाह सम्मेलन का अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद पर मुकेश राठी, ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मण सैनी को नियुक्त किया। प्रथम परिचय सम्मेलन में 17 युवक-युवतियों ने अपना परिचय दिया।

चतुर्थ सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन आगामी 23 नवम्बर देवउठनी एकादशी के दिन किया जायेगा। सम्मेलन के लिए 09 जोड़ों का रजिस्ट्रेशन किया गया है। वहीं द्वितीय परिचय सम्मेलन का आयोजन 13 अगस्त को होगा।

इस दौरान नीमकाथाना अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष गजानंद सैनी, रामचंद्र सैनी, कालूराम सैनी, बस्तीराम सैनी, संरक्षक पूरणमल भगत, पप्पू बायलान, रामजीलाल सैनी, उपाध्यक्ष रामावतार मिस्त्री, रामस्वरूप सैनी, कोषाध्यक्ष गंगाराम सैनी, सचिव गोविंद सैनी, संगठन मंत्री सुंदरलाल सैनी, संजय सैनी, रमेश चंद सैनी, महेंद्र सैनी, बोदन सैनी, रवि सैनी, लीलाराम सैनी, नरेश सैनी, दलीप सैनी, हनुमान सैनी, जगदीश सैनी, श्रीराम सैनी, राधेश्याम सैनी, दौलत सैनी, योगेश सैनी, कृष्ण सैनी, रामधन सैनी व सतीश सैनी, सहित अन्य लोग मौजुद थे।

## धरने की चेतावनी के बाद प्रशासन की नींद खुली

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पंचायत बसई में पिछले कई वर्षों से चली आ रही पेयजल की समस्या का समाधान होने जा रहा है। मनोज चौधरी के नेतृत्व में ग्रामीणों के एक महीने के अथक परिश्रम के बाद आखिरकार जलदाय विभाग ने बसई की सुध लेते हुए लगातार तीन ट्यूबवेल का निर्माण करवाया है।

उल्लेखनीय है ग्राम पंचायत बसई की कई ढ़ाणियों में पेयजल की समस्या बनी हुई थी। ग्रामीणों को पीने का पानी कई किलोमीटरों दूर से लाना पड़ता था। पेयजल समस्या से परेशान ग्रामीणों ने एड. मनोज चौधरी को अवगत करवाया। जिस पर चौधरी ने जलदाय विभाग के अधिकारियों को जेजेएम योजना के तहत टंकी शुरू करने की मांग की, लेकिन जलदाय विभाग महीनों तक सोता रहा। जिस पर ग्रामीणों ने मनोज चौधरी के नेतृत्व में लामबंद होकर जलदाय विभाग को घेरा जिसके बाद जलदाय विभाग ने पेयजल समस्या का समाधान निकाला। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश के बाद उन्होंने बस्ती में पानी की खोज की तथा तीन जगह ट्यूबवेल का कार्य पूरा किया। चौधरी ने बताया कि इसके बाद अब पानी की टंकी का निर्माण किया जायेगा। 200000 टन की क्षमता वाली पानी की टंकी में तीनों ट्यूबवेल से पानी भरा जायेगा। वहां पर पंप हाउस का निर्माण किया जायेगा। पाईप लाईन द्वारा बसई गांव एवं ढाणियों में पानी लाया जायेगा। हालांकि अभी इसमें समय लगेगा लेकिन ग्रामीणों के पीने के पानी की समस्या दूर होगी।

इस मौके पर बाबूलाल सनवाल, रामावतार, सत्यवीर मीणा, मंगल गिठाला, राजेंद्र हांसीवाल, इंद्राज गुर्जर, असराम सनवाल, सुरेश आर्य, विकास डबास, मनोज गिठाला, संजीव कुमार, अशोक सनवाल, जगदीश आर्य, धर्मपाल सनवाल, झंगाराम आर्य, प्रभुराम जाट व राहुल सैन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने मनोज चौधरी को धन्यवाद दिया।

- तीन ट्यूबवेल का कार्य पूरा, शीघ्र बनेगी टंकी, पीने के पानी की समस्या होगी दूर

## 24 मंडल संयोजक नियुक्त

**बहरोड़/ अलवर, (निसं)।** भाजपा के ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष जलेसिंह रावत अलवर उत्तर ने नहीं सहेगा राजस्थान कार्यक्रम के तहत भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सांसद सीपी जोशी व ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष चंपालाल गेदर के निर्देशानुसार अलवर उत्तर जिलाध्यक्ष उम्मेद सिंह भाया की सहमति से भाजपा ओबीसी मोर्चा अलवर उत्तर के 24 मंडल संयोजक नियुक्त किए।

भाजपा ओबीसी जिलाध्यक्ष जलेसिंह रावत ने बताया कि बानसूर से धर्मपाल, हरसोरा से राजेंद्र अधाना, रामपुर से समय सिंह, नीमूचाना से लटूरमल, नारायणपुर से राकेश यादव, मुंडावर से सुरेंद्र यादव, नीमराना से राकेश गुर्जर, जाट बहरोड़ से हरिराम प्रजापत, ततारपुर से संतराम गुर्जर, अजरका से प्रदीप, बहरोड़ से मानसिंह, बर्डोद से महेश यादव, मांढण से अर्जुन, माजरी कलां से कैलाश यादव, किशनगढ़ बास से कश्मीर सरधना, खैरथल से गणेश जांगिड़, कोटकासिम से किरशन यादव, मोठूका से रतिराम जांगिड़, हरसोली से हुकम सिंह यादव, तिजारा से अनिश, टपूकड़ा से अमित चौधरी, गेलपुर से कैलाश भामडा, शाहबाद से सुजान सिंह तथा भिवाड़ी से तिलक गुर्जर को नहीं रहेगा राजस्थान के तहत ओबीसी मोर्चा के मंडल स्तरीय 24 संयोजक नियुक्त किए गए हैं।

## भोजन शाला हॉल का शिलान्यास

**फुलेरा, (निसं)।** कस्बे की ग्राम पंचायत भैंसलाना में प्रजापति समाज की भोजनशाला हॉल का शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान प्रजापति समाज समिति द्वारा विधायक कुमावत का माला और साफा पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान समाज के कुछ लोगो ने विधायक के खिलाफ नाराजगी भी जताई इस पर विधायक कुमावत ने कहा कि पहले भी समाज के सुख दुख में साथ रहा हूं, समाज के लिए में हमेशा खड़ा रहूंगा, विरोध भी अपने ही करते हैं पर मुझे इस बात से किसी से कोई नाराजगी नही है। इस मौके पर समिति अध्यक्ष बजरंग लाल बगरानिया, सुरेन्द्र ढूंढ़ाडा, कमला चौधरी सरपंच, बंशी लाल एचरा,पप्पूलाल प्रजापत, सीताराम प्रजापत, जयनारायण प्रजापत, कालूराम मारवाल, विजय कुमार प्रजापत, बद्रीलाल शर्मा,गोपाल प्रजापत, रामरतन प्रजापत, गोविंदराम सारडीवाल बनवारी प्रजापति, मदन लाल सहित समाज के बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# जिनिंग फैक्ट्री की भूमि पर चल रहे तार फैशिंग कार्य को रूकवाने की मांग

## जिनिंग फैक्ट्री के रूई पेच भूमि से जुड़ा मामला

**मालपुरा, (निसं)।** शहर के आदर्श नगर आवासीय कॉलोनी के पास जयपुर भीलवाडा-स्टेट हाईवे से सटी एवं वर्ष 1956 में आवंटित जिनिंग फैक्ट्री के रूई पेच की 9 बीघा भूमि का आवंटी के वारिसान के नाम नामान्तरण खोले जाने के लिए पालिका की साधारण सभा व एम्पावर्ड कमेटी के अनुमोदन सहित 35 में से 24 पार्षदों की लिखित सहमति व सम्बन्धित वार्ड पार्षद की एनओसी के बाद खोले गये नामान्तरण पर सवालियां निशान लगाते हुए पार्षदों के प्रतिनिधि मंडल ने 29 पार्षदों के हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन सौंप सवालियां निशान लगाने से पार्षदों की कारगुजारी जगजाहिर हुई।

भाजपा व कांग्रेस सहित निर्दलीय खेमे के 29 पार्षदों के हस्ताक्षरों का एक ज्ञापन प्रतिनिधि मंडल द्वारा एसडीएम महिपाल सिंह को सौंप जिनिंग फैक्ट्री की आवंटित भूमि को नगरपालिका की सम्पत्ति बताते हुए उक्त भूमि पर चल रहे तार फैशिंग कार्य को रूकवाने की मांग की गई। एसडीएम के आदेशों पर पालिका ईओ द्वारा कार्य रूकवा दस्तावेज तलब किये जाने के आदेश जारी किये गये।

24 पार्षदों की लिखित सहमति के बाद भी जताई गई आपत्ति पर भूमि मालिक द्वारा मय दस्तावेजों के अधिकारी के समक्ष अपना पक्ष रखा गया तो पार्षदों की नियत्ति व कारगुजारियां जगजाहिर हो गई तो विरोध का कारण व मकसद आमजन में चर्चा के रूप में पार्षदों की गलफांस बन गया। दस्तावेजों की जांच पड़ताल में सामने आया कि वर्ष 1956 में खसरा नम्बर 2938, 2939, 2940 व 2941 की 9 बीघा भूमि जिनिंग फैक्ट्री के लिए 25 साल के लिये आवंटित की गई थी। क्षेत्र में कपास की खेती लुप्त हो जाने तथा 25 साल की लीज समाप्ति होने पर भूमि मालिक द्वारा लीज बढाने के लिए राज्य सरकार के समक्ष आवेदन कर 99 वर्ष के लिए लीज बढा उक्त भूमि को आबादी में कास्त परिर्वतन करवाने के लिए पालिका में आवेदन किया गया।

जिस पर वर्ष 2001 मे तत्कालीन पालिका अध्यक्ष सुवालाल कनोजिया के आदेशों पर लीज डीड पट्टा राशि एकमुस्त पालिका कोष में जमा करवाने पर प्रार्थी को जिनिंग फैक्ट्री की भूमि का आवासीय पट्टा जारी किया गया। वर्ष 2022 में हुई पालिका बोर्ड की बैठक में रूई पेच की भूमि की पत्रावली का अनुमोदन होने व एम्पावर्ड कमेटी से भी अनुमोदन होने पर सामग्री क्रय एवं संविदा पालिका अधिनियम 1977 के तहत स्वायत शासन विभाग के आदेशों, सम्बन्धित वार्ड पार्षद की एनओसी व बोर्ड के 24 पार्षदों की लिखित सहमति व अनापत्ति प्रमाण पत्र के बाद फरवरी 2023 में उक्त भूमि का नामान्तरण खोला गया है तथा भूमि मालिक की ओर से अनुमानित 10 लाख से अधिक का यूडीएच टैक्स राजकोष में जमा करवाया गया। लेकिन बीते दिन 29 पार्षदों के हस्ताक्षरों का एक ज्ञापन एसडीएम को सौंप उक्त भूमि पर अतिक्रमण करने तथा बोर्ड बैठक व एम्पावर्ड कमेटी की सहमति नहीं होने का दावा करने पर प्रार्थी पक्ष में 24 पार्षदों के सहमति पत्र व अन्य दस्तावेज सार्वजनिक किये जाने के बाद विरोध में उठे पार्षदों की नियत व पर्दे के पिछे से शुरू किये गये खेल का सारा माजरा जगजाहिर हो गया। जो कि शहर में चर्चा का विषय बन अब पार्षदों की ही गले की फांस बनता प्रतीत हो रहा है।



वर्ष 1956 में जिनिंग फैक्ट्री के लिए आवंटित भूमि पर तार फैशिंग के दौरान विवाद उपजा।

- पालिका की साधारण सभा व एम्पावर्ड कमेटी के अनुमोदन सहित 24 पार्षदों की लिखित सहमति पर पार्षदों ने ही एसडीएम को ज्ञापन सौंप लगाया सवालिया निशान

## संक्षिप्त

### जवानों ने 700 पौधे लगाए

**दूदू, (निसं)।** निकटवर्ती गाडोता स्थित एस.डी.आर.एफ. बटालियन मुख्यालय पर वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत जवानों द्वारा 700 पौधे लगाए गए। इस अवसर पर कमाण्डेड राजकुमार गुप्ता, गणपति महावर साथ ही बटालियन आर.एस.सी. भूपेन्द्र सिंह यादव, ए.एस.पी. दिनेश कुमार, रामधन जाट , सतीश वर्मा ने कहा कि पर्यावरण को शुद्ध बनाने व मानव जीवन को विभिन्न बीमारियों से बचाने के लिए वृक्षारोपण कर उसके सार सम्भाल करना हर जवान व नागरिक का कर्तव्य हैं गुप्ता ने बताया कि बटालियल के जवानों द्वारा वन विभाग के साथ मिलकर 5000 पौधे लगाने व सवारने का लक्ष्य रखा गया हैं जवानों द्वारा खड़े खोद कर पौधे लगाना शुरू कर दिया गया हैं।

### गल्ले से 25 हजार रुपये निकाले

**दूदू, (निसं)।** कस्बे में पुलिया के पास एक दुकान से दिन दहाड़े गल्ले में रखे 25000 रू. नगद चुराकर ले जाने की वारदात को एक युवक द्वारा अंजाम दिया गया। पीड़ित दुकान के मालिक शेखर कुमावत ने बताया कि मैं दुकान के बाहर गाड़ी का काम कर रहा था थोड़ी देर बाद दुकान के अन्दर आकर देखा तो दराज में गल्ला खुला मिला। गल्ले में रखे 25000 रू. भी गायब मिले। घटना की सूचना पुलिस थाना दूदू में दी गई। दुकान में लगे इसी सी.सी.टी.वी. कैमरे में चोरी की वारदात को अंजाम दिये गए युवक की फोटो के आधार पर खोजबीन शुरू कर दी गई है।

### विस्फोट पदार्थ के साथ एक गिरफ्तार

**टोंक, (निसं)।** पुलिस कप्तान राजर्षिराज वर्मा के निर्देशों के तहत अवैध खनन एवं परिवहन को लेकर जिलेभर में की जा रही निगरानी के चलते बनेठा थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति को अवैध विस्फोटक पदार्थ लेते हुए गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी बनेठा नरेन्द्र सिंह ने बताया कि दौराने गस्त ढिकोलिया रोड के सरदारपुरा रोड से मदन परेडवाल पुत्र कजोड जाति खटिक उम्र 37 साल निवासी बनेठा जिला टोक के कब्जे से विस्फोटक पदार्थ 4 नग डेटोनेटर गुल्ला, एक जिलेटीन छड व चार टीपी को जप्त कर गिफ्तार किया गया है।

### रमा शर्मा जिलाध्यक्ष मनोनीत

**चाकसू, (निसं)।** राजस्थान ब्राह्मण महासभा के प्रदेशाध्यक्ष पंडित केसरी चन्द भंवरलाल शर्मा के निर्देशानुसार एवं जिलाध्यक्ष की अनुशंसा पर महिला प्रकोष्ठ की प्रदेशाध्यक्ष अरुणा गौड़ ने क्षेत्र में कार्यरत सामाजिक कार्यकर्ता चाकसू निवासी श्रीमती रमा शर्मा को जयपुर जिला देहात के लिए महिला जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। नियुक्ति पत्र के साथ ही उनसे अपेक्षा की गई है कि वे जयपुर जिला देहात में समाज के संगठन को मजबूती प्रदान करते हुए समाज हित में सक्रियता से कार्य करेंगी।


### भागवत कथा में कई प्रसंग सुनाये

**पावटा, (निसं)।** कथावाचक आचार्य पंडित कपिल देव ठाकुर वृन्दावन ने कहा कि मनुष्य जीवन में जाने अनजाने प्रतिदिन कई पाप होते हैं। उनका ईश्वर के समक्ष प्रायश्चित करना ही एक मात्र मुक्ति पाने का उपाय है। उन्होंने ईश्वर आराधना के साथ अच्छे कर्म करने का आव्हान किया। पावटा कस्बे की श्याम कॉलोनी में स्थित बाबा श्याम मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन कथा में बावन भगवान का जन्म के दौरान मनोरम झांकी सजाई गई।

### घायल किसान की मौत

**मालपुरा, (निसं)।** मोर थाना क्षेत्र के पंवालिया गांव में दो दिन पूर्व फसल में कीटनाशक दवा का छिड़काव करते अचेत हुये किसान की उपचार के दौरान रविवार को जयपुर में मौत हो गई। पंवालिया निवासी रामअवतार रैगर दवा छिड़कते समय रासायनिक दवा के सम्पर्क में आ जाने से अचेत हो गया था। जिसे मालपुरा अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद जयपुर रैफर किया था।


नम्बर मिलाइए 9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


## सार-समाचार

### मुख्य मार्गों में अंधेरा पसरा



**पावटा, (निसं)।** पावटा प्रागपुरा नगर पालिका को रोशन करने के नाम पर नगरपालिका द्वारा कुछ महिनों पहले ही लाखों रुपए खर्च कर स्ट्रीट लाइट लगवाई गई थी। इसके बावजूद पालिका क्षेत्र का अधिकांश हिस्सा आज भी अंधेरे में डूबा हुआ है। नगर की प्रमुख सडकों से लेकर वार्डों तथा कॉलोनियों की गलियों में शाम होते ही अंधेरा छा जाता है। क्योंकि कुछ जगहों पर तो स्ट्रीट लाइट लगी ही नहीं और जिन स्थानों पर लगी हैं वे लापरवाही व तकनीकी खराबी के चलते शोपीस बनकर रह गई हैं। जिसके कारण पालिका क्षेत्र का अधिकांश इलाका शाम होते ही अंधेरे में डूब जाता है। जिससे रात के समय घर पहुंचने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पडता है। वहीं कुछ इलाके ऐसे भी हैं जहां हमेशा अनहोनी की आशंका बनी रहती है। कुल मिलाकर स्ट्रीट लाइट पर एक बडा बजट खर्च करने के बाद भी जनता को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है।

### केंद्रीय मंत्री मेघवाल का स्वागत किया



**फुलेरा, (निसं)।** फुलेरा विधायक निर्मल कुमावत के नेतृत्व में शनिवार को कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल का स्वागत किया। साथ ही विधायक निर्मल कुमावत के साथ चुनाव को लेकर चर्चा एवं विचार विमर्श किया। वहीं फुलेरा व्यापार महासंघ के अध्यक्ष मनोज आहूजा के नेतृत्व में पदाधिकारी प्यारेलाल लाल कुमावत, मुकेश गगरानी, सरदार चौधरी, हन्नी सबनानी आदि के साथ उनका स्वागत अभिनन्दन किया। साथ ही व्यापार महासंघ अध्यक्ष आहूजा ने फुलेरा रेल विस्तार-हितार्थ हेतु विस्तृत चर्चा की। इसी क्रम में इलेक्ट्रिक लोको-डीजल शेड, केन्द्रीय विद्यालय को विद्यालय के साथ ही महाविद्यालय में क्रमोन्नत करवाने,रेलवे हॉस्पिटल को क्रमोन्नत कर जयपुर से भी बड़ा हॉस्पिटल भवन बनवाने एवं फुलेरा जंक्शन पर अधिक रेलों के ठहराव की बात विस्तार से रखी। जिस पर मंत्री मेघवाल ने विधायक एवं महासंघ के अध्यक्ष को आश्वासन देते हुए कहा कि आपके उपरोक्त सभी बिन्दुओं को रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव महोदय से अवश्य वार्ता करूंगा।

### प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित



**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम कंवरपुरा में प्रतिवर्ष की भांति सेवानिवृत कर्मचारी संघ द्वारा कक्षा 10 व 12 के मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में कक्षा 10 व 12 के 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व संयुक्त निदेशक बंशीधर गुर्जर रहे। जबकि अध्यक्षता पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी सरदारमल यादव ने की। वहीं विशिष्ठ अतिथि उपभोक्ता न्यायिक मंच के अध्यक्ष सुबेसिंह यादव रहे। संचालन पूर्व प्रधानाचार्य सांवलराम यादव ने किया। इस दौरान से.नि. कर्मचारी संघ के अध्यक्ष हवलदार रमेश यादव, कोषाध्यक्ष पूर्व प्रधानाचार्य देवेंद्र यादव, सचिव शंकर लाल यादव समेत संघ के समस्त सदस्य, विद्यार्थी, अध्यापकगण एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

### प्रधान ने सीसी रोड का उद्घाटन किया

**बहरोड़/नीमराना, (निसं)।** पंचायत समिति बहरोड़ की महिला प्रधान सरोज यादव और प्रतिनिधि बस्तीराम यादव ने विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मुंडियाखेड़ा में प्रधान कोटे से बनाई गई सीसी सड़क का उद्घाटन करते बहरोड़ विधायक को नाकामयाब बताया। वहीं उनके साथ उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे प्रतिनिधि बस्तीराम यादव ने बहरोड़ विधायक की जमकर आलोचना करते क्षेत्र की जनता में दहशत पैदा करने व डरा धमका कर सत्ता का दुरुपयोग कर सभी वर्गों को अपमानित व प्रताड़ित करने की भाषा का प्रयोग करने वाला बताया। वहीं प्रधान प्रतिनिधि ने विधायक के कार्यकाल में जर्जर पड़ी प्रमुख सड़कों व उद्योगों में स्थानीय युवाओं को रोजगार तो दिलाना दूर की बात बहरोड़ नीमराना को जिला भी नहीं बनाने की बात कही। वही आयोजित कार्यक्रम में पंचायत समिति सदस्य अमर सिंह, सुनील यादव, सुरेश भेडी कांग्रेस ओबीसी ब्लॉक अध्यक्ष, श्योताज, वेद कृष्ण सरपंच एवं पार्षद रोहिताश, रमेश, जयपाल, इंद्राज, रामअवतार, गिरधारी, लेखराम, रणजीत, कल्याण सिंह, योगेश, जयपाल , आदि सहित ग्रामीण महिला, पुरुष एवं बच्चे मौजूद रहे।

### विधायक ने पदभार संभाला

**जमवारामगढ़, (निसं)।** जमवारामगढ़ विधायक गोपाल मीणा ने रविवार को जयपुर जिला कांग्रेस देहात जिलाध्यक्ष का पदभार संभाला।

जैंयपुर सिरसी रोड निजी विवाह स्थल में जिलाध्यक्ष शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन हुआ। शपथग्रहण समारोह में जमवारामगढ़ सहित जिले के अन्य ब्लॉक से कांग्रेस कार्यकर्ता सैंकड़ों की संख्या में शामिल हुए। विधायक गोपाल मीणा वर्ष 2008 व 2018 में दो बार जमवारामगढ़ से विधायक हैं। समारोह समापन के बाद विधायक गोपाल मीणा जिला देहात कार्यालय जोहरी बाजार पहुंचे। वहां उन्होंने जिलाध्यक्ष का कार्यभार संभाला। शपथग्रहण समारोह सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक 5 घंटे तक चला।


**आम सूचना** सर्वसाधारण को मेरे अभिभाष्य रजिउजका खान पुत्र श्री हशमतुल्ला खान, प्लाट नं.832, राम नगर, शास्त्री नगर, जयपुर की ओर से सूचित करता हूं कि मेरे अभिभाष्य का पुत्र राहत्तुल्ला खान व पुत्रवधु नाजमीन बानो उनके कहने में नहीं है तथा उनसे मेरे अभिभाष्य को जान, माल व इज्जत का खतरा है। मेरे अभिभाष्य ने दोनों व इनके बच्चों को अपनी सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है तथा उनसे कोई लेना देना नहीं है। कोई व्यक्ति या संस्था इनसे लेन देन करता है, तो उसकी स्वयं की जिम्मेदारी होगी तथा पुत्र पुत्रवधु के मध्य कोई विवाद होता है तो मेरे अभिभाष्य का कोई लेना देना नहीं होगा।
(फारूक अली) एडवोकेट, मो.9950570608

**खोया पाया**

मेरी पुत्री कोमल कायत के शैक्षिणक दस्तावेजों में मेरा नाम राजेश कायत एवं राजेंद्र कुमार धानका अंकित है भविष्य में मेरी पुत्री को कोमल कायत पुत्री श्री राजेंद्र कुमार निवासी भाटेड, दादिया, सांगानेर, जयपुर के नाम से जाना जाये।

I have changed my name from Devika Lalwani to Pooja Lalwani W/o Vinod Lalwani for all purpose. Resi.: 214, Katewa Nagar, Gurjar Ki Thadi, New Sanganer Road, Sodala, Jaipur.